Bareilly, Monday,
10 February 2020
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - 2/-
Outside Bareilly City - 3/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 6 : MIDDLE

आर्थोप्लास्टी सिम्पोजियम में डॉक्टर्स ने दिए टिप्स

हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग और आर्थोपिडिक्स एसोसिएशन की ओर से एसआरएम में हुई कांफ्रेंस

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (9 Feb): श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में संडे को आर्थोप्लास्टी सिंपोजियम 2020 का आयोजन हुआ. यह कांफ्रेंस हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग एवं बरेली आर्थोपिडिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में हुआ. इनॉग्रेशन एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने किया. कांफ्रेंस में देश के 100 से ज्यादा हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ और स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया. इस दौरान डॉ. अफसर खान ने बताया कि आबादी को देखते हुए प्रशिक्षित हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञों का अनुपात अत्यंत कम है, जो जोड़ों की जटिल प्रत्यारोपण सर्जरी कर सकें. इन्हें बढ़ाने की जरूरत है.

ऑपरेशन की दी जानकारी

नई दिल्ली से आए डॉ. दीपक ठाकुर ने 30 डिग्री से ज्यादा मुड़ चुके घुटनों की सर्जरी के बारे में बताया. डॉ. अनिल अरोरा ने बाहर की ओर मुड़े हुए घुटनों के ऑपरेशन की जटिलताओं पर टिप्स दिए, इसके साथ अर्थराइटिस हो जाने के कारण उनके घुटनों में विसंगति के बारे में भी बताया. कांफ्रेस के सेकंड राउंड में बीएल कपूर हॉस्पिटल नई दिल्ली के डॉ. ईश्वर बोहरा ने बताया कि किस प्रकार एक्स-रे को देखकर मरीज का कूल्हा प्रत्यारोपण की प्लानिंग करनी चाहिए.